
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

23 अगस्त 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

देश की उन्नति के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 23.08.2026

## तार्किक चिंतन का विकास

तार्किक चिंतन का विकास से तात्पर्य व्यक्ति में किसी विषय या समस्या के बारे में तथ्यों, प्रमाणों और कारणों के आधार पर क्रमबद्ध एवं उचित ढंग से सोचने और निष्कर्ष निकालने की क्षमता विकसित होना है। जब बच्चा किसी बात को केवल सुनकर स्वीकार न करके "क्यों?", "कैसे?" और "यदि ऐसा हो तो क्या होगा?" जैसे प्रश्न करता है तथा तर्क के आधार पर सही निष्कर्ष तक पहुँचता है, तो इसे तार्किक चिंतन का विकास कहते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



झारखंड के **भीतरदाढ़ी गांव** में 3.5 अरब साल पुरानी चट्टानों में जीवन के प्रत्यक्ष **रासायनिक संकेत** (बायोसिग्नेचर) मिले हैं। यह पत्थर अब **धरती** पर जीवन का सबसे पुराना **प्रमाण** बन गया है।

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

## 23 अगस्त






राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हर वर्ष 23 अगस्त को मनाया जाता है।

यह दिन **23 अगस्त 2023** को **चंद्रयान-3** की सफल लैंडिंग की ऐतिहासिक उपलब्धि की याद में समर्पित है।

**यह दिन भारत की वैज्ञानिक प्रगति, नवाचार और अंतरिक्ष अनुसंधान में बढ़ते कदमों का प्रतीक है।**



### ★ चंद्रयान-3 की उपलब्धि ★

23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतार कर इतिहास रच दिया। भारत ऐसा करने वाला विश्व का पहला देश बना।

**यह भारत के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है।**

### अंतरिक्ष अनुसंधान के लाभ

- संचार और दूरसंचार में सुधार
- मौसम पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन में सहायता
- नेविगेशन, मैपिंग और जीपीएस सेवाएं
- कृषि, जल और पर्यावरण निगरानी में योगदान
- वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रोजगार के अबसर

"हमारा लक्ष्य – ज्ञान से अनुसंधान, अनुसंधान से नवाचार और नवाचार से एक विकसित भारत।"

# Teachers of Bihar

The change makers

# 23 अगस्त

मधु प्रिया

23 अगस्त

## आज का दिन इतिहास में

### 23 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1821 | मेक्सिको ने आजादी की घोषणा की। |
| 1839 | ब्रिटेन ने चीन के साथ युद्ध में हांगकांग पर कब्जा किया। |
| 1914 | जापान द्वारा जर्मनी के विरुद्ध युद्ध की घोषणा। |
| 1939 | तत्कालीन सोवियत संघ और जर्मनी के बीच गैर-आक्रामकता संधि पर हस्ताक्षर किये गये। |
| 1947 | वल्लभभाई पटेल भारत के उप प्रधानमंत्री बने। |
| 1976 | चीन में भूकंप से हजारों लोगों की मौत। |
| 1979 | ईरान की सेना ने कुर्द्रों के खिलाफ मोर्चा खोला। |
| 1990 | • पूर्व और पश्चिम जर्मनी ने तीन अक्टूबर को एकजुट होने की घोषणा की। • आर्मेनिया ने स्वतंत्रता की घोषणा की। |
| 1993 | सन् 2000 के ऐतिहासिक ओलंपिक खेलों की मेजबानी ऑस्ट्रेलियाई नगर सिडनी को सौंपी गई। |
| 1997 | सं.रा. अमेरिका के मिसीसिपी यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर को चार साल पहले मिला हल्दी का पेटेंट रद्द। |
| 1999 | इस्रायल और फ़िलिस्तीन के बीच मान्यता सबन्धी मुद्दों पर वार्ता पुनः प्रारंभ। |
| 2002 | संयुक्त राज्य अमरीका ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण रोका, इटली ने पाकिस्तान में वाणिज्य दूतावास बन्द करने की धमकी दी। |
| 2003 | ब्राजील में एक अंतरिक्ष यान में प्रक्षेपण से पूर्व ही विस्फोट हो जाने से कम से कम 21 लोग मारे गये, पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने घोषित किया कि पाकिस्तान न्यूनतम सुरक्षात्मक हथियार कायम रखेगा। |
| 2004 | अमेरिका के जस्टिन गैटलीन 100 मीटर फ़र्राटा दौड़ जीतकर पृथ्वी के सबसे तेज धावक बने। चिली के निकोलस मासु ने अमेरिका के मार्डी फ़िश को हराकर ओलम्पिक पुरुष एकल टेनिस का स्वर्ण पदक जीत लिया। |
| 2007 | यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर-2007 में ऋग्वेद की 30 पांडुलिपियाँ शामिल की गई। पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे पाकिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज़ शरीफ़ को स्वदेश वापसी की अनुमति दी। |
| 2008 | • झारखंण्ड के मुख्यमंत्री मधु कोडा ने अपने पद से इस्तीफ़ा दिया। • उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश महिला आयोग में 16 सदस्यों को नामित किया। |
| 2012 | राजस्थान में भारी बारिश से 30 लोगों की मौत हुई। |
| 2013 | लेबनान के त्रिपोली में मस्जिद पर हुये हमले में 50 लोग मारे गए। |

### 23 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

**1968** के. के. (गायक)
प्रसिद्ध भारतीय पार्श्वगायक थे।



**1923** बलराम जाखड़
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष



**1955** सुखदेव नंदाजी काले
नौवीं लोकसभा के सदस्य।



**1944** सायरा बानो
प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेत्री




**1918** अन्ना मणी
भारतीय भौतिक और मौसम बैज्ञानिक थीं।



**1918** गोविन्द विनायक करंदीकर
मराठी में रचना करने वाले प्रसिद्ध कवि, लेखक, अनुवादक व समीक्षक थे।



**1902** एच. वी. आर. आयंगर
भारतीय रिज़र्व बैंक के छठे गवर्नर थे।




**1883** रामचंद्र कृष्ण प्रभु
गांधीजी के अनुयाई और प्रसिद्ध पत्रकार थे।



**1875** राजकुमार शुक्ल
स्वतंत्रता सेनानी एवं चंपारण सत्याग्रह के प्रमुख लोगों में से एक।



**1872** टी. प्रकाशम
प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और आंध्रा राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री



### 23 अगस्त को हुए निधन

**2018** कुलदीप नैयर
भारत के प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार हैं।



**2013** रघुवंश
हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं आलोचक थे।



**2003** ए. एन, मूर्ति राव
कन्नड़ साहित्यकार थे।



**1994** आरती साहा
भारत की प्रसिद्ध महिला तैराक थीं।




**1975** विनायकराव पटवर्धन
प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायक



"इतिहास हमें सिखाता है, भविष्य हमें पुकारता है, और युवा हमें आगे बढ़ाते हैं।"

# Teachers of Bihar
The change makers

प्रसिद्ध मराठी कवि, लेखक,
साहित्यिक आलोचक एवं अनुवादक



# गोविंद विनायक करंदीकर

उर्फ 'विंदा करंदीकर'

## जयंती

23 अगस्त 1918 – 14 मार्च 2010

गोविंद विनायक करंदीकर (विंदा) मराठी साहित्य के एक शिखर पुरुष थे। उनकी कविताएँ गहरी संवेदनशीलता, वैचारिकता और मानवीय मूल्यों की प्रतीक हैं। उन्होंने कविता, नाटक, समीक्षा, अनुवाद और बाल साहित्य सहित अनेक विधाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### प्रमुख कृतियाँ

- माझे विद्यापीठ
- असांची एक दिवस
- धूसर
- कवितेची भूमिका
- आणि इतर अनेक...


### विशेषताएँ

- मराठी कविता को नई दिशा और गहराई प्रदान की।
- लेखक, आलोचक और अनुवादक के रूप में अमूल्य योगदान।
- साहित्य अकादमी पुरस्कार, केशवराम कोठावले पुरस्कार जैसे अनेक सम्मानों से सम्मानित।
- भाषा, साहित्य और संस्कृति के संवर्धन में अग्रणी भूमिका।

"कविता मनुष्य को जीवन से गहराई से जोड़ती है, उसे अपने समय और समाज के प्रति संवेदनशील बनाती है।"

हम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। Madhu priya

**मधु प्रिया**



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारतीय लंबी दूरी की तैराक
आरती गुप्ता
(जन्म आरती साहा)
24 सितंबर 1940 – 23 अगस्त 1994
की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि
29 सितंबर 1959 को मात्र 19 वर्ष की आयु में
इंलिश चैनल को तैरकर पार करने वाली
पहली एशियाई महिला बनीं।
1960 में, वह भारत के
चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान
पद्म श्री से सम्मानित होने वाली
पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं।
"उनका साहस, समर्पण और
उत्कृष्ट उपलब्धि हर भारतीय के लिए
प्रेरणा का स्रोत है।"
www .teachersofbihar.org
आपका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।
Madhu priya
साहस ❀ समर्पण ❀ प्रेरणा

# Teachers of Bihar
The change makers



## 23 अगस्त

### महान मौसम वैज्ञानिक

# अन्ना मणि

## जयंती

(23 अगस्त 1918 – 16 अगस्त 2001)

अन्ना मणि एक भारतीय भौतिकविज्ञानी और मौसम बैज्ञानिक थीं। वे भारत के मौसम विभाग की उप-निदेशक थीं। उन्होंने मौसम विज्ञान उपकरणों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं।

- सौर विकिरण, ओज़ोन और पवन ऊर्जा माप के विषय में महत्वपूर्ण अनुसंधान किया।
- मौसम विज्ञान उपकरणों के विकास एवं सुधार में उल्लेखनीय योगदान।
- कई शोध पत्र प्रकाशित कर विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रेरणा बनीं।

"विज्ञान और समर्पण से किया गया हर कार्य समाज और मानवता के लिए अमूल्य योगदान बन जाता है।"



"आपका कार्य हमें प्रकृति को समझने और सुरक्षित भविष्य बनाने की प्रेरणा देता है।"

**आपकी जयंती पर शतृ-शतृ ममन !**

Madhu priya

/teachersofbihar


## सादर नमन!

### भारत के स्वतंत्रता संग्राम के
### अमर सेनानी एवं सत्याग्रह के अग्रदूत

# राजकुमार शुक्ल

## की जयंती

## 23 अगस्त




राजकुमार शुक्ल वह सत्यनिष्ठ, साहसी और धैर्यवान किसान थे, जिन्होंने महात्मा गांधी को चंपारण आने के लिए राजी किया, जिसके परिणामस्वरूप चंपारण सत्याग्रह हुआ और किसानों को न्याय मिला।

सत्य, धैर्य और अडिग संकल्प से ही परिवर्तन संभव है!

### राजकुमार शुक्ल के जीवन से प्रेरणाएँ

- सत्य और न्याय के लिए अटूट संघर्ष
- किसानों के अधिकारों के लिए समर्पण
- महात्मा गांधी को चंपारण लाकर इतिहास रचा
- साधारण जीवन, उच्च विचार के प्रतीक



"राजकुमार शुक्ल की अडिग निष्ठा और सत्य के प्रति समर्पण ने ही चंपारण के किसानों के जीवन में नई रोशनी लाई।"

**आइए, उनके आदर्शों को अपनाएँ और समाज के प्रति अपना दायित्व निभाएँ।**

## विनम्र श्रद्धांजलि!

www.teachersofbihar.org राकेश कुमार

TOB खेल कॉर्नर

# खेल रत्न पुरस्कार का इतिहास



**शुरुआत:**
1991-92

भारतीय खेलों का सर्वोच्च पुरस्कार।
शुरुआत में इसका नाम
राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार था,
जिसे अब मेजर ध्यानचंद खेल रत्न
पुरस्कार कहा जाता है।

**पहले खेल रत्न:**
विश्वनाथन आनंद – शतरंज

**पुरस्कार में:**
प्रशस्ति पत्र, अवॉर्ड और
25 लाख रुपए की राशि।

